भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 3011

गुरूवार, 13 अगस्त, 2026/22 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तमिलनाडु में पर्यटन परियोजनाएं

3011 श्री प्रवीण चक्रवर्ती:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्वदेश दर्शन 2.0, प्रसाद और चुनौती-आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत मंत्रालय के पास लंबित तमिलनाडु सरकार के प्रस्तावों का प्रस्ताव-वार ब्यौरा क्या है, जिसमें जमा करने की तिथि, वर्तमान स्थिति और लंबित रहने के कारण शामिल हों;

(ख) इन योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं के लिए परियोजना-वार जारी की गई निधियों तथा उनकी उपयोगिता का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या राज्य में किसी जगह को इन योजनाओं के तहत प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए चुना गया है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): प्रस्तावों की प्राप्ति एक सतत प्रक्रिया है। वर्तमान में, तमिलनाडु सरकार का कोई भी प्रस्ताव स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0), 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' तथा 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन 2.0 की एक उप-योजना के अंतर्गत पर्यटन मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

(ख) और (ग): पारिस्थितिकी-पर्यटन सहित पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों की पहचान, विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को सरकारी निर्देशों एवं योजना दिशानिर्देशों के अनुरूप, संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्टों (डीपीआर) की प्रस्तुति, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का वैश्विक स्तर पर विकास' योजना नामक अपनी पहल

के अंतर्गत, वर्ष 2024-25 में पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। इस योजना के अंतर्गत, तमिलनाडु राज्य में 99.67 करोड़ रु. की "मामल्लापुरम में नंदवनम विरासत पार्क का विकास" तथा 70.23 करोड़ रु. की "ऊटी में रेस कोर्स पर इको पार्क" परियोजना के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

तमिलनाडु में एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत और प्राधिकृत राशि सहित स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

अनुबंध

श्री प्रवीण चक्रवर्ती द्वारा तमिलनाडु में पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 13.08.2026 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 3011 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में **विवरण**

(i) तमिलनाडु राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	मामल्लापुरम	शोर मंदिर में इमर्सिव एक्सपीरियंस	29.02.2024	30.02	-	--

(ii) तमिलनाडु राज्य में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - एसडी 2.0 योजना की एक उप-योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजना का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**गंतव्य/श्रेणी**	**अनुभव का नाम**	**स्वीकृति तिथि**	**स्वीकृत राशि**	**प्राधिकृत राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	रामेश्वरम द्वीप (आध्यात्मिक पर्यटन)	रामेश्वरम का विशिष्ट परिवर्तन	27.03.2025	20.01	10.01	2.32

(iii) तमिलनाडु राज्य में तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी राशि**	**उपयोग की गई राशि**
1.	2016-17	कांचीपुरम का विकास	13.99	13.99	13.99
2.	2016-17	वेलंकन्नी का विकास	4.86	4.86	4.86
3.	2024-25	8 नवग्रह मंदिरों का विकास	40.94	11.75	---

*****